# Summative Assessment - III

09 H

## Second Language - HINDI

### Model Paper - I

**Class : X** **PART - A & B** **Max.Marks : 80**
**Time : 2.45 Hrs.**

---

**PART - 'A'** **Max.Marks : 60**

**सूचना :** ⁎ प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

⁎ भाग - A के लिए 2 घंटे निर्धारित हैं ।

⁎ भाग - A के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

**भाग - 'A'** **अंक : 60**

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 5x1=5**

वास्तविक लोकगीत देश के गावों और देहातों में हैं । इनका संबंध देहात की जनता से है। बड़ी जान होती इन में चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्ज़ापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरबी और बिहार के पश्चिमी जिलों में गाये जाते हैं । बाऊल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं । पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं ।

**प्रश्न :** 1. लोकगीतों का संबंध किनसे होता है?

2. ''बारहमासा'' लोकगीत किस प्रांत में गाया जाता है?

3. ये बंगाल प्रांत के लोकगीत हैं?

4. पंजाब प्रांत का लोकगीत क्या हैं?

5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है?

**2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में चुनकर लिखिए ।**

**5 x 1 = 5**

महादेवी वर्मा जी की शिक्षा इंदौर में मिशन स्कूल में प्रारंभ हुई । साथ ही संस्कृत, अंग्रेजी, संगीत तथा चित्र कला की शिक्षा अध्यापकों द्वारा घर पर ही दी जाती रही । बीच में विवाह जैसी बाधा पड़ जाने के कारण कुछ दिन शिक्षा स्थगित रही । विवाहोपरांत महादेवी जी ने सन् 1919 में क्रास्थवेट कालेज इलाहाबाद में प्रवेश लिया । और कालेज के छात्रावास में रहने लगी सन् 1921 में महादेवी

जी ने आठवीं कक्षा में प्रांत भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया । यहीं पर उन्होंने काव्य जीवन की शुरुआत की । सन् 1925 तक उन्होंने मेट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की थी । विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में आपकी कविताओं का प्रकासन होने लगा । कालेज में सुभद्रा कुमारी चौहान के साथ उनकी घनिष्ठ मित्रता हो गयी ।

**प्रश्न :** 1. महादेवी वर्मा की शिक्षा कहाँ प्रारंभ हुई ? ( )

A. दिल्ली में B. बनारस में C. आगरा में D. इंदौर में

2. वर्मा जी घर पर ही इस विषय को सीखती थी ? ( )

A. संगीत B. नाट्य C. वीणा D. कसरत

3. महादेवी वर्मा ने आठवीं कक्षा में प्रांत भर में कौन-सा स्थान प्राप्त किया ? ( )

A. द्वितीय B. तृतीय C. प्रथम D. उत्तम

4. कालेज में वर्मा जी की किससे मित्रता हो गई ? ( )

A. सुभद्रा कुमारी चौहान से B. विमला कुमारी चौहान से

C. कमला कुमारी चौहान से D. श्यमला कुमारी चौहान से

5. महादेवी वर्मा ने किस वर्ष में क्रास्थवेट कालेज में प्रवेश लिया ? ( )

A. 1919 में B. 1819 में C. 1719 में D. 1619 में

**3. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 5x1=5**

नर-समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई -
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है ।
जिसने श्रम-जल दिया उसे
पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो ।

**प्रश्न :** 1. नर-समाज का भाग्य क्या है ?

2. पृथ्वी, नभ-तल किसके सम्मुख विनीत हैं?

3. ''नभ'' का पर्यायवाची शब्द लिखिए ?

4. श्रम-जल बहाने वाला कौन है ?

5. यह पद्यांश किस कविता पाठ से लिया गया है?

4. **निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए ।**

**5 x 1 = 5**

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती ।
इसफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गयी देखो और सुधार करो ।
जब तक व सफल हो नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोडकर मत भागो तुम ।
कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती ।
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती ।

**प्रश्न :** 1. हार किनकी कभी नहीं होती है? ( )

A. लडनेवालों की B. कोसिश करने वालों की

C. भागनेवालों की D. चलनेवालों की

2. सफ़लता की प्राप्ती के लिए किसको त्यागना है ? ( )

A. नींद और चैन B. नींद और हँसी C. नींद और खेल D. नींद और पैसे

3. जीवन में एक चुनौती क्या है ? ( )

A. सफलता B. असफलता C. समानता D. मानवता

4. तुम को किस मैदान को छोड़कर भागना नहीं चाहिए ? ( )

A. घर का B. संघर्ष का C. खेल का D. स्कूल का

5. जय जयकार कब होती है? ( )

A. कुछ न करने से B. कुछ करने से C. कुछ सोने से D. कुछ चुराने से

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18**

5. 'हम भारतवासी' कविता के कवि आर.पी निशंक के बारे में लिखिए ।
6. रहीमजी ने 'पानी' शब्द का प्रयोग किन अर्थों में किया है? विवरण दीजिए ।
7. 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर' पर हिंदी का क्या महत्व है ?
8. ए.पी.जे अब्दुल कलाम सी के बचपन के बारे में आप क्या जानते है?
9. अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए ।
10. राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति कैसी थी ?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छह या आठ पंक्तियों में लिखिए ।** **1 x 6 = 6**

11. पंतजी प्रकृति सौंदर्य के चित्रण में बेजोड़ कवि हैं । बरसते बादल पाठ के द्वारा सिद्ध कीजिए ।
12. मीराबाई ने गुरु की महिमा के बारे में क्या बताया ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छह या आठ पंक्तियों में लिखिए ।** **1 x 6 = 6**

13. प्रेमचंद ने चिमटा के द्वारा दादी और पोते के गर्मिक प्रेम को किस प्रकार दर्शाया ।
14. आप अपनी पाठशाला में जल संरक्षण कैसे करेंगे ?

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **1 x 5 = 5**

15. घर पर दादी बीमार है । उनकी सेवा करने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।
16. अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** **1 x 5 = 5**

17. विनम्रता आदर्श विद्यार्थी का लक्षण है । विस्तारपूर्वक लिखिए ।
18. प्रगतिशील भारत में कृत्रिम उपग्रहों का क्या योगदान है ?

# Summative Assessment - III

09 H

## Second Language - HINDI

### Model Paper - I

**Class : X** **PART - B** **Max.Marks : 20**
**Time : 30 Mts.**

**सूचना :** ⁕ भाग - B प्रश्नों के उत्तर प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।
⁕ भाग - B के लिए ½ घंटा निर्धारित है ।

**विशेष सूचनाएँ :** 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

1. छम-छम-छम गिरती बूँदें <u>तरुओं</u> से छन को । रेखांकित शब्द का अर्त पहचान कर लिखिए । ( )
A. डाली B. शाखा C. पेड़ D. पत्ता
2. चारमीनार <u>बढ़िया</u> इमारत है । रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए । ( )
A. कुटिया B. घटिया C. ढ़ेरा D. फ़ेरा
3. आकाश में <u>चंद्र</u> प्रकाशित हो रहा है। रेखांकित शब्द का तद्‌भव रूप पहचानिए । ( )
A. चांद B. चंद्रमान C. छंदा D. नंदा
4. सफलता छात्र का <u>सुभाग्य</u> है । रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए । ( )
A. भाग्य B. सुभा C. सु D. य
5. दीवाली <u>धार्मिक</u> त्योहार है । रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए । ( )
A. क B. इक C. धर्म D. धार्म
6. लहरों में <u>उन्माद</u> था । रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए । ( )
A. उन + माद B. उ + नमाद C. उन् + माद D. उत्‌मा + द
7. <u>अमजल</u> देने वाले को अग्रस्थान देना चाहिए । ( )
A. द्‌विगु B. तत्‌पुरुष C. कर्मधारय D. द्‌वंद्‌व
8. 1857 को हिंदी अक्षरों में पहचानिए । ( )
A. अठारह सौ अड़तालीस B. अठारह सौ पचास
C. अठारह सौ सत्तावन D. अठारह सौ साठ
9. सेना आगे बढ़ती है । वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए । ( )
A. आगे B. सेना C. बढ़ती D. है

10. मैं विकसित भारत में रहना चाहता हूँ । सर्वनाम शब्द पहचानिए । ( )

A. भारत B. मैं C. विकसित D. रहना

11. गुलाब का फूल सुंदर होता है । विशेषण पहचानिए । ( )

A. फूल B. सुंदर C. गुलाब D. होता

12. मोर बादलों को देखकर नाचता है । ( )

A. मोर B. नाचता C. बादल D. देखकर

13. बूढ़ी दादी धीरे-धीरे चलती है । क्रिया विशेषण पहचानिए । ( )

A. बूढ़ी B. दादी C. चलती D. धीरे-धीरे

14. विद्‌वान भाषण देते हैं । स्त्रीलिंग रुपी वाक्य पहचानिए । ( )

A. विद्‌वानी भाषण देती है । B. विदुषी भाषण देती है ।

C. विदूषणी भाषण देती है । D. विदूषी भाषण देता है ।

15. स्त्रियाँ गीत गाती हैं एक वचन वाक्य पहचानिए । ( )

A. स्त्रिएँ गीत गाती हैं । B. स्त्री गीत गाती है ।

C. स्त्रीइयाँ गीत गाती है । D. स्त्री गीत गाता है ।

16. हामिद अपनी दादी अमीना की गोदी .......... सोता है । (उचित कारक चिहन पहचानिए।) ( )

A. का B. की C. में D. के

17. शुद्‌ध रूप पहचानिए । ( )

A. मैं मेरा काम करता हूँ । B. मैं मेरे काम करता हूँ ।

C. मैं अपना काम करता हूँ । D. मैं मेरी काम करता हूँ ।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए । ( )

A. लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं । B. लडके ज्यादा सबसे प्रसन्न हैं ।

C. लडके प्रसन्न ज्यादा सबसे हैं । D. लडके सबसे हैं प्रसन्न ज्यादा ।

19. राम ने रोटी खाी । (काल पहचानिए ।) ( )

A. भविष्यत् काल B. भूत काल C. वर्तमान काल D. तात्कालिक वर्तमान काल

20. हामिद की माँ <u>परलोक सिधार</u> गयी । (रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए ।) ( )

A. मर जाना B. खुश होना C. चले जाना D. क्रोधित होना ।

# Summative Assessment - III

## Second Language - HINDI (MODEL PAPER - II)

**Class : X** **Max Marks : 80**

### पाठानुरूप विश्लेषण - Lesson Wise Analysis

| क्रम संख्या | पाठ का नाम | निबंधात्मक प्रश्न | | लघु प्रश्न | | अति लघु प्रश्न | | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्र.सं | अंक | प्र.सं | अंक | प्र.सं | अंक | प्र.सं | अंक | प्र.सं | अंक |
| 1. | बरसते बादल | - | - | 1 | 3 | - | - | 2 | 2 | 3 | 5 |
| 2. | ईदगाह | - | - | 1 | 3 | - | - | (1)5J1 | 6 | 6 | 9 |
| 3. | हम भारतवासी | - | - | - | - | - | - | (1)6 | 6 | 6 | 6 |
| 4. | कण-कण का अधिकारी | 1 | 6 | - | - | - | - | 1 | 1 | 2 | 7 |
| 5. | लोकगीत | 1 | 6 | - | - | - | - | 2 | 2 | 3 | 8 |
| 6. | अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 7. | भक्तिपद | - | - | 1 | 3 | - | - | - | - | 1 | 3 |
| 8. | स्वराज्य की नींव | 1 | 6 | - | - | - | - | - | - | 1 | 6 |
| 9. | दक्षिणी गंगा गोदावरी | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 10. | नीति दोहे | 1 | 6 | - | - | - | - | - | - | 1 | 6 |
| 11. | जल ही जीवन है | - | - | 1 | 3 | - | - | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 12. | धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 | - | - |
| 13. | शांति की राह में | - | - | 1 | 3 | - | - | - | - | 1 | 3 |
| 14. | दो कलाकार | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 15. | अपने स्कूल को एक उपहार | - | - | 1 | 3 | - | - | - | - | 1 | 3 |
| 16. | अनोखा उपाय | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 17. | अपठित पद्य | - | - | - | - | - | - | 5 | 5 | 1 | 5 |
| 18. | अपठित गद्य | - | - | - | - | - | - | 5 | 5 | 1 | 5 |
| 19. | पत्र-लेखन | 15, 16 | 5, 5 | - | - | - | - | - | - | 2 | 10 |
| 20. | निबंध | 17,18 | 5, 5 | - | - | - | - | - | 2 | 2 | 10 |
| | | | | | | | | | | **34** | **91** |

# Summative Assessment - III

09 H

## Second Language - HINDI

### Model Paper - II

**Class : X** **PART - A & B** **Max.Marks : 80**
**Time : 2.45 Hrs.**

---

**PART - 'A'** **Max.Marks : 60**

**सूचना :**
* प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
* भाग - A के लिए 2 घंटे निर्धारित हैं ।
* भाग - A के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

**भाग - 'A'** **अंक : 60**

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 5x1=5**

मिठाइयों के बाद लोहे की चीजों की दूकानें आती हैं । कई चिमटे रखे हुए थे । हामिद को ख्याल आता है, दादी के पास चिमटा नहीं है । तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाते हैं, अगर चिमटा ले जाकर दादी को दे दें, तो वह कितनी प्रसन्न होंगी ।

**प्रश्न :** 1. मिठाइयों के बाद किन चीजों की दूकानों आती है ?

2. हामिद को किसका ख्याल आता है ?
3. तवे से क्या उतारी जाती हैं ?
4. ''प्रसन्न'' का विलोम शब्द क्या है ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से दियो गया है ?

**2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में चुनकर लिखिए ।**

**5 x 1 = 5**

गुरु द्रोणाचार्य धर्नुविद्या के महान आचार्य थे, पर वे बड़े गरीब थे । इतने गरीब थे कि जीवन का निर्वाह होना कठिन था । ऐसी स्थिति में उसको पाँचाल नरेश द्रुपद याद आया । विद्यार्थी अवस्था में द्रुपद और उन्होंने एक ही गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त की थी । द्रोणाचार्य आशाओं के रथ पर सवार होकर पाँचाल देश के राजधानी की ओर चल पड़े । कई दिनों तक प्रयत्न करने के पश्चात द्रोणाचार्य द्रुपद के सामने जा पाये । द्रुपद ने तो उन्हें देखते ही मुँह फ़ेर लिया । द्रोणाचार्य का मन-

मानस जैसे मथसा गया ।

**प्रश्न :** 1. द्रोणाचार्य किस विद्‌या के आचार्य थे ? ( )

A. नाट्‌य विद्‌या B. योग विद्‌या C. धर्नुविद्‌या D. व्यायाम विद्‌या

2. पांचाल राज्य के राजा कौन थे ? ( )

A. द्रुपद B. सुपद C. गपद D. मपद

3. द्रोणाचार्य और द्रुपद कहाँ शिक्षा प्राप्त की थी ? ( )

A. रघुगुल B. शशिकुल C. गुरुकुल D. सूर्यकुल

4. ''धर्नुविद्‌या'' शब्द का अर्थ क्या है ? ( )

A. बाण चलाना B. तलवार चलाना C. नाव चलाना D. बंदूक चलाना

5. द्रुपद ने किसको देखकर मुँह फ़ेर लिया ? ( )

A. रामाचार्य B. द्रोणाचार्य C. कृष्णाचार्य D. राघवाचार्य

**3. निम्नलिखित पद्‌यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 5x1=5**

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे ।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे ।।
हम निराशा दूर भगाकर, फ़िर विश्वास जगायेंगे ।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

**प्रश्न :** 1. हमें किसका भेद मिटाना है ?

2. हमें किसको कुहासा तोड़ना है ?

3. 'निराशा' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ?

4. दुनिया को पावन धाम कौन बनायेंगे ?

5. इस पद्‌यांश के कवि कौन हैं ?

**4. निम्नलिखित पद्‌यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए ।**

**5 x 1 = 5**

आओ बच्चों तुम्हें दिखाएँ, झाँकी हिंदुस्तान की,
इस मिट्‌टी से तिलक करो, यह धरती है बलिदान की,
वंदेमातरम् ! वंदेमातरम ।
जलियाँवाला बाग ये देखो, यहीं चली थीं गोलियाँ,
यह मत पूछो किसने खेली, यहाँ खून की होलियाँ ।
एक तरफ़ बंदूके दन दन, एक तरफ़ थी टोलियाँ,
मरनेवाले बोल रहे थे, इन्कलाब की बोलियाँ ।

**प्रश्न :** 1. गीतकार बच्चों को किसकी झाँकी दिखाना चाहता है ?

A. पाकिस्तान की B. हिंदुस्तान की C. कजकिस्तान की D. अफ़गनिस्तान की

2. गोलियाँ किस बाग में चली थी ? ( )

A. जलियाँवाला B. कलियाँवाला C. फ़ूलोंवाला D. पेड़ोंवाला

3. मरनेवालों के मुँह से कौन-सा नारा निकला ? ( )

A. इन्कलाब B. वंदेमारतम् C. उन्कलाब D. जिंदाबाब

4. हिन्दुस्तान की मिट्टी से ......... करो ? ( )

A. पलक B. तिलक C. झलक D. तालक

5. अंग्रेजों ने जलियाँवाला बाग में खून की होलियाँ किनसे खेलीं ? ( )

A. तलवारों से B. तोपों से C. बंदूकों से D. बाणों से

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18**

5. ज्ञानमार्गीय शाखा के कवि रैदास के बारे में आप क्या जानते हैं?
6. मानव जीवन में वर्षा का क्या महत्व है?
7. हामिद का चिमटा खरीदना उचित है । अपने विचार लिखिए ।
8. स्वच्छ जल ही स्वस्थ जीवन का आधार है विवरण दीजिए ।
9. मदर तेरेसा के जीवन से क्या संदेश मिलता है?
10. राजू को अपने पुराने स्कूल से क्यों लगाव था?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छह या आठ पंक्तियों में लिखिए । 1 x 6 = 6**

11. दिनकर के अनुसार काल्पनिक जगत् को साकार रूप देनेवाला श्रमिक है । स्पष्ट कीजिए ।
12. रहीम और बिहारी के दोहों के द्‌वारा हमें क्या नीति मिलती है ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छह या आठ पंक्तियों में लिखिए । 1 x 6 = 6**

13. विष्णुप्रभाकर की दृष्टि में लक्ष्मीबाई अबला नहीं सकता है । सिद्‌ध कीजिए ।
14. मनोरंजन की दुनिया में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है । साबित कीजिए ।

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 1 x 5 = 5**

15. मंदिर के सामने रखी हुई साइकिल की चोरी हो गयी । पुलिस धानेदार के नाम शिकायती पत्र लिखिए।
16. हिंदी के महत्व को बताने हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 1 x 5 = 5**

17. हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है । इस पर अपने विचार बताइए ।
18. अपनी पाठशाला में स्वच्छ भारत का आयोजन किस प्रकार किया गया ।

# Summative Assessment - III

09 H

## Second Language - HINDI

### Model Paper - II

**Class : X** **PART - B** **Max.Marks : 20**
**Time : 30 Mts.**

---

**सूचना :** ⁎ भाग - B प्रश्नों के उत्तर प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।

⁎ भाग - B के लिए ½ घंटा निर्धारित है ।

**विशेष सूचनाएँ :** 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।

2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।

3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

1. किसान देहात में रहते हैं? रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानकर लिखिए । ( )

A. गाँव B. गली C. शहर D. नगर

2. बरसते बादल में वर्षा का सजीव चित्रण है ? रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए । ( )

A. उपजीव B. प्रजीव C. संजीव D. निर्जीव

3. फूल पर भ्रमर मंडराता है । रेखांकित शब्द का तद्भाव रूप पहचानिए । ( )

A. भौंरा B. तितली C. तोता D. मैना

4. अहिंसा एक सद्भाव है । रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए । ( )

A. स B. सद् C. सदभ D. सव

5. खिलौनों की सजावट घर की सुंदरता बढ़ाती है । रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए । ( )

A. सज B. आवट C. वट D. ट

6. निस्संदेह 'कलाम' जी धन्य जीव हैं । रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए । ( )

A. निर + संदेह B. नि + संदेह C. निस्सं + देह D. निः + संदेह

7. पेड़-पौधे वन की सुंदरता बढ़ाते हैं । रेखांकित शब्द का समास पहचानिए । ( )

A. द्विगु समास B. द्वंद्व समास C. तत् पुरुष D. कर्मधारय

8. 10 3/4 को हिंदी अक्षरों में पहचानिए । ( )

A. पौने ग्यारह B. पौने दस C. सवा दस D. सवा ग्यारह

9. सोना अधिक महँगा है । वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए । ( )

A. महँगा B. अधिक C. है D. सोना

10. हम भटकने वालों को राह दिखायेंगे । (सर्वनाम शब्द पहचानिए ।) ( )

A. राह B. भटकनेवालों C. हम D. दिखायेंगे

11. वह बाजार से मोटी किताब लाया है । विसेषण पहचानिए । ( )

A. मोटी B. किताब C. बाजार D. लाया

12. बिदेसिया में करुणा और बिरह का रस बरसता है, क्रिया पहचानिए । ( )

A. करुणा B. विरह C. बरसता D. करुणा

13. सावन के महीने में पानी जोर से बरसता है । क्रिया विशेषण पहचानिए । ( )

A. सावन B. महीने में C. जोर से D. बरसता हैं

14. सेवक काम करता है । स्त्रीलिंगत रुपी वाक्य पहचानिए । ( )

A. सेवकी काम करती है । B. सेविका काम करती है ।

C. सेवकानी काम करती है । D. सेवकनी काम करती है ।

15. यह मधुर कविता है । बहुवचन वाक्य पहचानिए । ( )

A. यह मधुर कविताएँ हैं । B. ये मधुर कविताएँ हैं ।

C. ये मधुर कविता है । D. यह मधुर कविता है ।

16. लोकगीतों ............... कई प्रकार हैं । (उचित कारक चिह्न पहचानिए ।) ( )

A. में B. का C. के D. की

17. शुद्ध रूप पहचानिए । ( )

A. लड़की पाठशाला जाता है । B. लड़की पाठशाला जाते हैं ।

C. लड़की पाठशाला जाती है । D. लड़की पाठशाला जाती हूँ ।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए । ( )

A. अंतर्राष्ट्रीय हिंदी स्तर पर शोभित है । B. हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोभित है ।

C. शोभित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी स्तर पर है । D. हिंदी स्तर पर शोभित अंतर्राष्ट्रीय है ।

19. मैं सिनेमा देखूँगा । (काल पहचानिए ।) ( )

A. वर्तमान काल B. भूतकाल C. भविष्यत्काल D. तात्कालिक वर्तमान काल

20. महारानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेज़ों की <u>नींद हराम कर दी</u> । रेखाँकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए । ( )

A. व्याकुल करना B. काम करना C. सेवा करना D. आदर करना